# नवोदय विद्यालय समिति

प्रथम सत्रांत परीक्षा -२०२५ -२६

समय- 3 घंटे | विषय - सामाजिक विज्ञान (087)

पूर्णांक -80

**सामान्य निर्देश:**

**1. प्रश्न पत्र में कुल 38 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**2. प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है - खंड क: इतिहास, खंड खः भूगोल, खंड गः राजनीतिक विज्ञान, और खंड घ: अर्थशास्त्र ।**

**3. प्रत्येक खंड 20 अंकों का है और इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs), अति लघु उत्तरीय प्रश्न (VSA), लघु प्रश्न (SA), दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LA) और केस आधारित प्रश्न (CBQ) शामिल हैं।**

उत्तरीय

**4. अति लघु उत्तरीय प्रश्न (VSA) प्रत्येक 2 अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**5. लघु उत्तरीय प्रश्न (SA) प्रत्येक 3 अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**6. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LA) प्रत्येक 5 अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**7. केस आधारित प्रश्न (CBQ) में तीन उप-प्रश्न हैं और ये प्रत्येक 4 अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**8. मानचित्र आधारित प्रश्न 5 अंक के हैं, जिसमें दो भाग होते हैं - खंड क (इतिहास) में प्रश्न 9 (2 अंक) और खंड ख (भूगोल) में प्रश्न 19 (3 अंक)।**

**9. प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। हालांकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर देना अनिवार्य है।**

**10. इसके अतिरिक्त, यह नोट करें कि दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए ऐसे प्रश्नों के स्थान पर पृथक प्रश्न दिए गए हैं। जिनमें दृश्य संकेत या मानचित्र आधारित जानकारी होती है। ऐसे प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा ही हल किए जाने हैं।**

## SECTION A

## HISTORY (20 marks)

1.जर्मेनिया के रूपक की निम्नलिखित विशेषताओं का उनके महत्त्व के साथ मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| विशेषता | महत्त्व |
|---|---|
| a. टूटी हुई जंजीर | I. बहादुरी |
| b. बाज छाप कवच | II. मुकाबले की तैयार |
| c. वसूल पत्तियों का ताज | III. शक्ति |
| d. तलवार | IV. आजादी मिलन |

विकल्प :

| | a | b. | c. | d. |
|---|---|---|---|---|
| A. | I. | II. | III. | IV |
| B. | IV | III. | I. | II |
| C. | II. | I. | IV. | III |
| D. | III. | IV. | II. | I |

2. निम्नलिखित में से कौन सा पहलू बी. आर. अम्बेडकर और ई.वी. रामास्वामी नायकर के लेखन में समान था ? 1

A. भारत में जाति-व्यवस्था पर लेख लिखना।

B. महिलाओं के अनुभवों पर प्रकाश डालना।

C. सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ाना ।

D. भारतीयों को उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्रता के लिए प्रेरित करना ।

3. 1815 की वियना संधि का मुख्य उद्देश्य क्या था? 1

A नेपोलियन युद्ध के दौरान यूरोप में हुए परिवर्तनों को समाप्त करना

B जर्मनी के एकीकरण की योजना बनाना

C यूरोप में लोकतंत्र को पुनः स्थापित करना

D. बॉर्बन वंश को उखाड़ फेंकना

4. निम्नलिखित में से सत्याग्रह के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है? 1

a) इसमें शारीरिक शक्ति पर ज़ोर दिया गया

b) इसमें सत्य की शक्ति पर ज़ोर दिया गया

c) गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेदी शासन के खिलाफ इस नए तरीके से सफलतापूर्वक संघर्ष किया।

A.केवल a सही है

B. केवल b सही है

C. a और b दोनों सही हैं

D. a और c दोनों सही हैं

5(a) यूरोप में रूमानीवाद की सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में व्याख्या कीजिए। 2

**अथवा**

5(b) 1848 में फ्रांस के फ्रेड्रिक सॉरयू के सपनों की जनतांत्रिक और सामाजिक गणतंत्र के संदर्भ में व्याख्या कीजिए।

6(a) रोलेट सत्याग्रह का क्या प्रभाव पड़ा ? 3

**अथवा**

6(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी स्पष्ट करें।

7(a)भारत की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर प्रथम विश्व युद्ध के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। 5

**अथवा**

7(b) 19वीं सदी के आखिर में भारत में राष्ट्रवाद के विकास में लोककथाओं और प्रतीकों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

8.आंदोलन की शुरुआत शहरी मध्यवर्ग की हिस्सेदारी के साथ हुई। हजारों विद्यार्थियों ने स्कूल-कॉलेज छोड़ दिए। हेडमास्टरों और शिक्षकों ने इस्तीफे सौंप दिए। वकीलों ने मुक़दमे लड़ना बंद कर दिया। मद्रास के अलावा ज्यादातर प्रांतों में परिषद् चुनावों का बहिष्कार किया गया। मद्रास में गैर-ब्राह्मणों द्वारा बनाई गई जस्टिस पार्टी का मानना था कि काउंसिल में प्रवेश के जरिए उन्हें वे अधिकार मिल सकते हैं जो सामान्य रूप से केवल ब्राह्मणों को मिल पाते हैं इसलिए इस पार्टी ने चुनावों का बहिष्कार नहीं किया।

आर्थिक मोर्चे पर असहयोग का असर और भी ज्यादा नाटकीय रहा। विदेशी सामानों का बहिष्कार किया गया, शराब की दुकानों की पिकेटिंग की गई, और विदेशी कपड़ों की होली जलाई जाने लगी। 1921 से 1922 के बीच विदेशी कपड़ों का आयात आधा रह गया था। उसकी कीमत 102 करोड़ से घटकर 57 करोड़ रह गई। बहुत सारे स्थानों पर व्यापारियों ने विदेशी चीजों का व्यापार करने या विदेशी व्यापार में पैसा लगाने से इनकार कर दिया। जब बहिष्कार आंदोलन फैला और लोग आयातित कपड़े को छोड़कर केवल भारतीय कपड़े पहनने लगे तो भारतीय कपड़ा मिलों और हथकरघों का उत्पादन भी बढ़ने लगा।

1. शराब की दुकानों का पिकेटिंग करने का क्या अर्थ है? 1

2. असहयोग-खिलाफत आंदोलन कब शुरू हुआ? 1

3. शहरों में आंदोलन धीरे-धीरे क्यों धीमा पड़ गया? 2

9. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर दो स्थानों (A) और (B) के रूप में अंकित किए गए हैं। दी गई जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए।

(A) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन सितंबर 1920 में हुआ था। 1

(B) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा था। 1

नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए हैं, प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर।

9.1 सितंबर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ आयोजित हुआ था?

9.2 महात्मा गांधी ने किस राज्य में नमक कानून तोड़ा था?

## Section B: Geography (20 Marks)

प्रत्येक प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं: अभिकथन (A) और कारण (R)। सही विकल्प चुनिए:

**10.अभिकथन (A):** काली मिट्टी कपास उगाने के लिए आदर्श होती है। 1

**कारण (R):** काली मिट्टी अच्छी जल निकासी वाली और कार्बनिक पदार्थों से भरपूर होती है।

**विकल्प:**

A. A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

B. A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

C. A सत्य है लेकिन R असत्य है।

D. A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**11.अभिकथन (A):** गेहूं खरीफ ऋतु में उगाया जाता है। 1

**कारण (R):** खरीफ फसलों को ठंडा मौसम और कम सिंचाई की आवश्यकता होती है।

**विकल्प:**

A. A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

B. A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

C. A सत्य है लेकिन R असत्य है।

D. A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**12.**राजस्थान में पारंपरिक वर्षा जल संचयन की संरचना को क्या कहते हैं? 1

**विकल्प:**

A. टांका

B. जोहड़

C. खड़ीन

D. उपरोक्त सभी

**13.**सामाजिक वानिकी (Social Forestry)' का मुख्य उद्देश्य क्या है? 1

**विकल्प:**

A. उद्योग हेतु वृक्षारोपण

B. लकड़ी निर्यात के लिए वृक्षारोपण

C. समुदाय की आवश्यकताओं हेतु वृक्षारोपण

D. वन्यजीव हेतु वृक्षारोपण

**14.**राजस्थान और गुजरात में बड़े पैमाने पर कौन-सा अक्षय ऊर्जा स्रोत उत्पन्न किया जाता है? 1

**विकल्प:**

(a) जलविद्युत

(b) सौर ऊर्जा

(c) भू-तापीय ऊर्जा

(d) पवन ऊर्जा

**15.**छोटे भूखंडों पर आदिम उपकरणों से की जाने वाली कृषि कहलाती है – 1

**विकल्प:**

(a) सघन निर्वाह कृषि

(b) आदिम निर्वाह कृषि

(c) वाणिज्यिक कृषि

(d) वृक्षारोपण कृषि

**16.**"संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग ने गंभीर समस्याएँ उत्पन्न कर दी हैं।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। 2

**17.**"भारत को अपने खनिज संसाधनों का संरक्षण करना चाहिए।" क्या आप सहमत हैं? कारण सहित उत्तर दीजिए। 5

**OR**

विश्लेषण कीजिए कि ऊर्जा संसाधन किसी देश के आर्थिक विकास से कैसे जुड़े होते हैं।

**18.**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

**ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण**

आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा एक आधारभूत आवश्यकता है। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रत्येक सेक्टर—कृषि, उद्योग, परिवहन, वाणिज्य व घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ऊर्जा के निवेश की आवश्यकता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् क्रियान्वित आर्थिक विकास की योजनाओं को चालू रखने के लिए ऊर्जा की बड़ी मात्रा की आवश्यकता थी। फलस्वरूप पूरे देश में ऊर्जा के सभी प्रकारों का उपयोग धीर-धीरे बढ़ रहा है। इस पृष्ठभूमि में ऊर्जा के विकास के सतत् पोषणीय मार्ग के विकसित करने की तुरंत आवश्यकता है। ऊर्जा संरक्षण की प्रोन्नति और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का बढ़ता प्रयोग सतत् पोषणीय ऊर्जा के दो आधार हैं। वर्तमान में भारत विश्व के अल्पतम ऊर्जादक्ष देशों में गिना जाता है। हमें ऊर्जा के सीमित संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग के लिए सावधानीपूर्ण उपागम अपनाना होगा। उदाहरणार्थ एक जागरूक नागरिक के रूप में हम यातायात के लिए निजी वाहन की अपेक्षा सार्वजनिक वाहन का उपयोग करके, जब प्रयोग न हो रही हो तो बिजली बन्द करके विद्युत बचत करने वाले उपकरणों के प्रयोग से तथा गैर पारंपरिक ऊर्जा साधनों के प्रयोग से हम अपना छोटा बोगदान दे सकते हैं। आखिरकार 'ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन है।

**(18.1)** सतत पोषणीय ऊर्जा सतत विकास की कुंजी क्यों है ? 1

**(18.2)** पूरे भारत में ऊर्जा की खपत क्यों बढ़ रही है? 2

**(18.3)** "ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है। स्पष्ट कीजिए। 1

**19.** भारत के उसी रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त प्रतीकों से चिह्नित करें। 3

1. **भाखड़ा नांगल बाँध**
2. **हीराकुंड बाँध**
3. **तेल शोधनालय (Oil Refineries)**
4. **भारत में लौह अयस्क (Iron Ore) खनन क्षेत्र**

**नोट:** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन उम्मीदवारों के लिए है, जो प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर दिया गया है।
**b)** निम्नलिखित में से कोई तीन उत्तर दीजिए:

1. सलाल बाँध कहाँ स्थित है?
2. मयूरभंज कहाँ स्थित है?
3. हीराकुंड बाँध कहाँ स्थित है?
4. कोरापुट कहाँ स्थित है?

## SECTION C

## POLITICAL SCIENCE (20 marks)

20. स्तंभ-ए और स्तंभ-बी का मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| विषय | सूची/विषय |
|---|---|
| a. रक्षा | I. समवर्ती सूची |
| b.पुलिस | II. संघ सूची |
| c. विवाह | III. राज्य सूची |
| d. कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर | IV. अवशिष्ट विषय |

विकल्प :

| | a | b. | c. | d. |
|---|---|---|---|---|
| A. | IV. | III. | I. | II |
| B. | III | IV . | I. | II |
| C. | IV. | I. | III. | II |
| D. | II. | III. | I. | IV |

21. नीचे दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

अभिकथन (A): चुनाव लोकतंत्र की आत्मा है।

कारण (R) : चुनाव राजनीतिक भागीदारी का विस्तार करते हैं।

विकल्प :

(ए) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R). (A) की सही व्याख्या है।

(बी) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(सी) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

(ड) (R) गलत है, लेकिन (A) सही है।

22. . आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ नियंत्रण और संतुलन बनाए रखती हैं। क्षैतिज सत्ता की साझेदारी के आधार पर सही विकल्प की पहचान कीजिए। 1

A. केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय निकाय।
B. विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका।
C. विभिन्न सामाजिक समूहों के मध्य।
D. विभिन्न दबाव समूहों के मध्य।

23 श्रीलंका के जातीय समूह में निम्न में से कौन से प्रमुख हैं: 1

A. ईसाई व तमिल
B. बौद्ध व हिन्दू
C. सिंहली व तमिल
D. सिंहली व ईसाई

24. संघवाद की विशेषताएं बताइए। **2**

25. भारत ने बहुदलीय व्यवस्था क्यों अपनाई ? स्पष्ट कीजिए । **2**

26. 'एक-दलीय व्यवस्था' की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । **3**

27a) 'पूरी दुनिया में लोकतंत्र के विचार के लिए भारी समर्थन है।' इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । 5

अथवा

27(b) "लोकतंत्र सभी सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक समस्याओं का समाधान कर सकता है।" तर्कों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए।

28. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

ब्राज़ील का एक प्रयोग

ब्राज़ील के शहर पोर्ता एलग्रे ने विकेंद्रीकरण और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी वाले लोकतंत्र के मेल का एक विलक्षण प्रयोग किया है। इस शहर के नगर परिषद के समांतर एक संगठन खड़ा किया गया और अपने शहर के बारे में वास्तविक फ़ैसले करने का अधिकार स्थानीय निवासियों को दिया गया है। इस शहर के करीब 13 लाख लोग अपने शहर का बजट तैयार करने में भागीदारी करते हैं। शहर को अनेक उप-क्षेत्रों में बाँटा गया है लगभग वैसे ही जिन्हें हम वार्ड कहते हैं। हर उप-क्षेत्र की अपनी-अपनी बैठक होती है जिसका स्वरूप ग्राम सभा की तरह है और इसमें उस इलाके के सभी नागरिक भाग ले सकते हैं। फिर, कुछ बैठकें पूरे शहर को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर होती हैं और उसमें शहर का कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। इसमें शहर के बजट पर चर्चा होती है। इसके बाद इन प्रस्तावों को नगरपालिका के सामने पेश किया जाता है जो अंतिम फैसला लेती है।

(28.1) 'सहभागी लोकतंत्र' के अर्थ को स्पष्ट कीजिए। 1

(28.2) शक्तियों के बँटवारे के संदर्भ में, दिया गया उदाहरण किस प्रकार की शासन प्रणाली को परिभाषित करता है? 1

(28.3) ब्राज़ील के उपर्युक्त उदाहरण से लगभग मिलती-जुलती भारत की व्यवस्था के गठन का वर्णन कीजिए। 2

## अनुभाग द

## अर्थशास्त्र (20 अंक)

**29.** दो विकल्प दिए गए हैं – कथन (अ) और कारण (र)। दोनों को ध्यान से पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

**कथन (अ):** अलग-अलग लोगों के विकास के लक्ष्य अलग-अलग होते हैं। 1

**कारण (र):** जो एक के लिए विकास हो सकता है, वह दूसरे के लिए विकास नहीं हो सकता।

सही विकल्प चुनिए:

अ. अ और र दोनों सही हैं और र, अ की सही व्याख्या है।

ब. अ और र दोनों सही हैं लेकिन र, अ की सही व्याख्या नहीं है।

सी अ सही है लेकिन र गलत है।

द. अ गलत है लेकिन र सही है।

**30. कथन (अ):** स्वयं सहायता समूह बचत और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। 1

**कारण (ब):** केवल उद्योगों को बड़े ऋण देते हैं।

सही विकल्प चुनिए:

अ. अ और र दोनों सही हैं और र, अ की सही व्याख्या है।

ब. अ और र दोनों सही हैं लेकिन र, अ की सही व्याख्या नहीं है।

सी. अ सही है लेकिन र गलत है।

द. अ गलत है लेकिन र सही है।

**31.** ऋण के संदर्भ में 'गिरवी' का क्या अर्थ है? 1

अ. ऋण का एक प्रकार

ब. सुरक्षा के रूप में दिया गया संपत्ति

सी. अतिरिक्त भुगतान

द. बिना गारंटी के दिया गया ऋण

**32.** निम्न में से कौन-सी गतिविधि प्राथमिक क्षेत्र से संबंधित है? 1

अ. मछली पकड़ना

ब. बैंकिंग

सी. निर्माण

द. परिवहन

**33.** सतत विकास का क्या अर्थ है? 1

अ. तीव्र आर्थिक विकास

ब. ऐसा विकास जो वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करे बिना भविष्य को नुकसान पहुँचाए

सी. केवल औद्योगिक विकास

द. विदेशी निवेश के माध्यम से विकास

**34.** निम्न में से कौन-सा आर्थिक विकास का सबसे उपयुक्त सूचक है? 1

अ. राष्ट्रीय आय

ब. प्रति व्यक्ति आय

सी. सकल आय

द. कंपनियों का लाभ

**35.** केरल को अन्य कई राज्यों की तुलना में बेहतर मानव विकास सूचकांक वाला राज्य क्यों माना जाता है? 3


**36.** भारत में तृतीयक क्षेत्र का महत्त्व क्यों बढ़ रहा है? 3

**37.** मानव विकास सूचकांक को कैसे मापा जाता है? इसके संकेतक क्या हैं? 3

**38 A.** औपचारिक और अनौपचारिक ऋण स्रोतों में क्या अंतर है? इनके प्रभाव को समझाइए। 5

या

**38 B.** ग्रामीण समाज में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को समझाइए।


भारत का राजनीतिक रेखा–मानचित्र
INDIA (POLITICAL OUTLINE MAP)
A
B
km
Scale : 1:15000.000
km
100 50 0
100 200 300 400 500